

### एक नजर में



#### भगवान विट्ठल की निकली पालकी

**ग्वालियर 7 जुलाई.** देवशयनी ग्यारस पर भगवान विट्ठल मंदिर सिंधिया देवस्थान ट्रस्ट द्वारा गत दिवस शहर में भगवान विट्ठल की पालकी यात्रा निकाली गई। इस अवसर पर केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया की पत्नी प्रियदर्शिनी राजे सिंधिया ने यात्रा में शामिल होकर भगवान विट्ठल की पूजा अर्चना की। पालकी यात्रा गोरखी पानी की टंकी के पास स्थित भगवान विट्ठल मंदिर से शाम को निकाली गई। यह यात्रा महाराज बाडा, सराफा बाजार दौलतगंज से होते हुए गोरखी देवघर, दर्जी ओली से मंदिर पहुंची। पालकी यात्रा का शहर में विभिन्न संगठनों ने स्वागत किया। मंदिर में सुबह भगवान का पंचामृत से अभिषेक कर विशेष श्रृंगार किया गया। इस अवसर पर मंत्री नारायण सिंह कुशवाह, पूर्व विधायक रमेश अग्रवाल, पार्षद अनिल सांखला, पार्षद यामिनी परांडे ने भी भगवान की पूजा अर्चना की। यात्रा में नवीन परांडे, जयंत जपे, विक्की राजावत, प्रसन्न नाइक, रवि कल्याणकर, अमर कुटे, भूषण नारले, ज्ञानेश कदम, बालराजे शिंदे, पवन देशमुख सहित अन्य लोग शामिल थे।

#### घर का ताला तोड़कर नकदी व जेवर ले गए चोर

ग्वालियर। सूने घर का ताला तोड़कर अज्ञात चोर घर में रखे सोने-चांदी के जेवर चोरी कर ले गए। घटना का पता चार दिन बाद तब चला जब घर मालिक वापस आए। चोरी हुए माल की कीमत 1 लाख रुपए से ज्यादा बताई गई है। गिरवाई पुलिस थाने में अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला कायम कर जांच शुरु कर दी है। रविकांत कौशल पुत्र मोतीलाल कौशल निवासी भगवती कॉलोनी 12 बीघा सिकंदर कम्पू 2 जुलाई की शाम को परिवार सहित बाहर गए थे। घर के मेन गेट पर ताला डालकर यह चले गए। घर सूना था, इस बात की भनक चोरों को लग गई। चोरों ने मौका पाकर मेन गेट का ताला तोड़ा और घर के अंदर पहुंच गए। वहां अलमारियों के ताले तोड़कर उसमें रखे सोने-चांदी के जेवरात ले गए। 5 जुलाई की रात को रविकांत कौशल जब वापस आए तो मेन गेट का ताला टूटा हुआ मिला। घर के अंदर पहुंचने पर पता चला कि पूरा सामान बिखरा हुआ है तथा अलमारी का ताला टूटा हुआ है। अलमारी में रखे जेवरात देखे तो पूरे जेवर गायब थे। रविकांत ने इसकी सूचना पहले परिजनों को और फिर पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच प्रारंभ की और अज्ञात चोरों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया। पुलिस घर के आस-पास लगे सीसीटीवी फुटेज चेक कर रही है। कुछ संदेही नजर आए हैं पुलिस उनकी तलाश कर रही है।

#### बिना लाइसेंस के कारोबार पर जुर्माना किया आधा

ग्वालियर। बिना लाइसेंस के खाद्य व्यवसाय करने पर न्याय निर्णायक अधिकारी द्वारा ममता जालोरिया पर लगाया गया एक लाख का जुर्माना अपील कोर्ट ने आधा कर दिया है। वहीं अपील कोर्ट ने न्याय निर्णायक अधिकारी के आदेश की पुष्टि करते हुए अपीलकर्ता को बिना लाइसेंस के कारोबार करने का दोषी माना है। खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम के तह अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट और न्याय निर्णायक अधिकारी द्वारा ममता जारौलिया को दोषी पाते हुए उन पर एक लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया था। 30 जुलाई 20922 को 4 बजे खाद्य सुरक्षा अधिकारी और उनकी टीम मैसर्स ग्वालियर ट्रेवल्स, ओएम कॉम्पलेक्स नाका चन्द्रवदनी में निरीक्षण के लिए पहुंचे जहां फर्म की प्रभारी ममता जालोरिया मौजूद थीं। टीम ने वहां पाया कि 5 प्लास्टिक की थैलियों में 300 किलोग्राम श्रीराधे-राधे स्वादिष्ट मिठाई, 4 प्लास्टिक की थैलियों में 200 किलोग्राम मीठा मावा, तथा 11 प्लास्टिक की थैलियों में 440 किलोग्राम मिल्क केक रखकर परिवहन किया जा रहा था। टीम ने पाया कि उक्त लोग बिना खाद्य पंजीकरण के खाद्य व्यवसाय संचालित कर रहे थे।

#### गैंगरेप के आरोपी की जमानत नामंजूर

ग्वालियर। गैंग रेप के आरोपी होटल मैनेजर के तीसरे जमानत आवेदन को भी न्यायालय ने खारिज कर दिया है। आरोपी का जमानत आवेदन हाईकोर्ट से खारिज होने के बाद आरोपी द्वारा इस जमानत आवेदन में उसका उल्लेख नहीं किए जाने के बाद न्यायालय ने उसके जमानत आवेदन पर विचार करने की आवश्यकता नहीं होने पर उसके आवेदन को खारिज कर दिया। दीपावली के तीन चार दिन बाद पीड़िता होटल पर काम करने गई थी तो वहां के मैनेजर आरोपी राजू से उसकी जान पहचान हो गई। घटना दिनांक 12 दिसंबर 2024 को दोपहर 3.15 बजे पीड़िता हजीरा चौराहा सब्जी मण्डी के सामने अपने पति का फोटो बनवाने गई तो राजू और एक अन्य व्यक्ति मिला। राजू ने उससे कहा कि वह उसे विक्की फैक्ट्री में काम दिलवा देगा चलो उसके साथ। वह राजू और उस व्यक्ति के साथ चली गई। आरोपी ने उससे कहा कि वह उसे मंदिर दर्शन कराने ले चल रहा है वहां से शार्ट कट से चलेंगे। इसके बाद वह उसे शीतला मंदिर रोड पर पुल के पास खेतों के बीच ले गया जहां उन्होंने मोटर साइकिल रोकी और वह पीड़िता को झाडी में ले जाकर उसे धमकी देने लगा, अगर यहां चिल्लाई तो उसके बच्चे अनाथ हो जाएंगे, पीड़िता डर गई, इसके बाद आरोपी राजू ने और उसके साथ आए व्यक्ति ने उसके साथ दुष्कर्म किया। फिर दोनों उसे मोटरसाइकिल से छोड गए।



#### वैश्य महासम्मेलन स्थापना दिवस पर रक्तदान शिविर आयोजित

ग्वालियर, 7 जुलाई। अंतरराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में ग्वालियर इकाई द्वारा एक विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर वैश्य महासम्मेलन ग्वालियर शाखा के अध्यक्ष योगेश सिंघल एडवोकेट के कार्यालय परिसर में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर के संभागीय अध्यक्ष विष्णु अग्रवाल, प्रदेश मंत्री एवं भाजपा महामंत्री विनय जैन तथा वरिष्ठ समाजसेवी पारस जैन बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे। शिविर में रेड क्रॉस सोसाइटी की ब्लड कलेक्शन वैन डॉक्टरों की टीम के साथ मौजूद रही, जिसमें लगभग 30 से 32 यूनिट रक्त एकत्र किया गया। सभी रक्तदाताओं को अंतरराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन की ओर से सम्मान पत्र भेंट किए गए। साथ ही, रक्तदान करने वाले वैश्य वर्ग के सदस्यों को संगठन की 2100 रु. की सदस्यता नि:शुल्क प्रदान की गई। इस आयोजन में बड़ी संख्या में समाजजन एवं युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के सफल संचालन एवं संयोजन म योगेश सिंघल, एडवोकेट आशीष जैन एवं एडवोकेट पंकज गोयल की प्रमुख भूमिका रही। इस अवसर पर गिर्राज सिंघल, अभिषेक बिंदल, दिव्यांश सिंघल, अनिल सिंघल, उमेश गुप्ता, नीरव सिंघल, गुंजन सिंघल, दीपक सिंघल सहित अनेक समाजसेवी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम की सुंदर प्रस्तुति एवं मीडिया सहयोग हेतु मीडिया प्रभारी श्री ललित जैन का विशेष आभार प्रकट किया गया।

#### मजदूरों की हड़ताल को दिया कांग्रेस ने समर्थन

ग्वालियर। 9 जुलाई को मजदूर संगठनों द्वारा की जारी देशव्यापी हड़ताल में देश के मजदूरो के हितों के लिए कांग्रेस पार्टी मजदूरों को न्याय दिलाने के लिए उनकी जायज मांगों को लेकर उनके साथ खड़ी है और मजदूर संगठनों की हड़ताल में अपना समर्थन प्रदान करती है। शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ. देवेन्द्र शर्मा ने कहा कि देशभर में श्रमिकों, मजदूरों और संगठित असंगठित क्षेत्र के कर्मचारियों की जायज मांगों और अधिकारों को लेकर 9 जुलाई को विभिन्न मजदूर यूनियनों द्वारा आहुत देशव्यापी हड़ताल को कांग्रेस अपना पूर्ण समर्थन प्रदान करती है। देश में वर्तमान सरकार की श्रमिक विरोधी नीतियों, श्रम कानूनों में मजदूर विरोधी संशोधनों, न्यूनतम वेतन, सामाजिक सुरक्षा, नियमितीकरण और महंगाई जैसे मुद्दों को लेकर वर्षों से आवाज उठाई जा रही है।

# सावन से पहले झमाझम बरसे बदरा, तिघरा लबालब

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 7 जुलाई.** प्रदेश में लगातार मध्यम और तेज बारिश का दौर जारी है। ग्वालियर-चंबल संभाग के शिवपुरी और गुना में जहां भारी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है वहीं ग्वालियर, मुरैना, भिण्ड और श्योपुर में आज अधिकांश स्थानों पर बारिश की संभावना है। बरसात के 37 दिनों में अब तक केवल 10 दिन ही ऐसे रहे हैं जब शहर में पानी नहीं बरसा, इसके अलावा हर रोज कभी तेज तो कभी बूंदाबांदी तो हुई ही है। गत दिवस आधे शहर में दोपहर बाद बारिश हुई थी। मुरार क्षेत्र में बारिश नहीं होने से गत दिवस की बारिश दर्ज नहीं हुई। सोमवार को सुबह से बादलों के बीच से धूप निकली रही। आसमान में बादलों की सक्रियता बनीं हुई है। धूप निकलने से उमस भी परेशान कर रही है।



मौसम में नमी इस समय 86 प्रतिशत बनीं हुई है जो कि सामान्य से 14 प्रतिशत अधिक है। गत दिवस से यह कम है। अधिकतम और न्यूनतम तापमान सामान्य से 1

### तिघरा में 1.1 फीट बढ़ा पानी

गत दिवस कैचमेंट एरिया में हुई बारिश के बाद तिघरा का जलस्तर बढ़कर आज 733.3 फीट हो गया है। 24 घंटे में तिघरा में 1.1 फीट पानी बढ़ा है गत दिवस तिघरा का जलस्तर 7322 फीट था। अब तिघरा को फुल भरने के लिए केवल पांच फीट पानी ही चाहिए। पेहसारी से जैसे ही पानी आना शुरु हो जाएगा तिघरा का जलस्तर तेजी से बढ़ने लगेगा। इस लिहाज से इस बार तिघरा के गेट इसी माह में खुल सकते हैं। वहीं शिवपुरी क्षेत्र में हो रही बारिश के कारण मडिखेडा डैम से हरसी बांध में लगातार पानी आ रहा है। हरसी बांध में इस समय 866.10 फीट पानी आ चुका है।

से 2 डिग्री कम चल रहा है। गत दिवस अधिकतम तापमान 35.4 डिग्री दर्ज किया गया जो कि सामान्य से 1.4 डिग्री कम रहा। वहीं आज न्यूनतम तापमान 26.3 डिग्री दर्ज किया गया जो कि सामान्य से 1.3 डिग्री कम रहा।

**10 तक चलेगा बारिश का दौर**-मौसम विभाग के अनुसार इस समय मानसून ट्रफ दिल्ली से बंगाल की खाड़ी तक विस्तृत है। पश्चिम बंगाल ओर उसके आसपास के क्षेत्रों में निम्न दबाव का क्षेत्र बना हुआ है। इससे जुड़ा चक्रवाती परिसंचरण दक्षिण-पश्चिम की ओर बढ़ रहा है। इसके झारखण्ड और उत्तरी छत्तीसगढ़ में धीरे-धीरे पश्चिम-उततर पश्चिम की ओर बढ़ने की संभावना है। मौजूदा सिस्टमों के चलते प्रदेश में 10 जुलाई तक बारिश का दौर जारी रहेगा। अगले चार दिन प्रदेश के अधिकांश क्षेत्रों में मध्यम से तेज बारिश का दौर जारी रहेगा। पूर्वी हिस्सों में सिस्टम का अधिक असर रहेगा।

**पेहसारी से तिघरा के लिए छोड़ा पानी**

हाल ही में हुई बारिश के बाद अपर ककेटो में आए पानी के कारण यहां से पानी छोड़े जाने से ककेटो के फुल होते ही पेहसारी के लिए पानी छोड़ा जा रहा है। वहीं पेहसारी से रविवार दोपहर बाद तिघरा के लिए पानी छोड़ना शुरु कर दिया है। तिघरा तक आज दोपहर तक यह पानी पहुंचने लगेगा। जल संसाधन विभाग तिघरा के एसडीओ वीरेन्द्र यादव के अनुसार विभाग के कर्मचारियों को बरई भेजा गया है जहां से यह पता चलेगा कि पेहसारी से छोड़ा गया पानी तिघरा में आने लगा है या नहीं।

## उपभोक्ता को बताए स्मार्ट मीटर के फायदे

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 7 जुलाई.** बिजली कंपनी की पहल पर ग्वालियर में घरेलू स्मार्ट मीटर लगाने का काम तीव्र गति से चल रहा है। शहर वृत्त में लगभग तीन माह पहले लगाए जा चुके स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं से जब बातचीत की तो अनेक सकारात्मक पहलू सामने आए। अधिकतर स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं ने फायदा होने की बात कही है। उपभोक्ता महेन्द्र श्रीवास्तव ने बताया कि उनके यहां तीन महीने पहले स्मार्ट मीटर लगा था। शुरू में उन्हें डर था की कहीं स्मार्ट मीटर से बिल तो अधिक नहीं आएगा। लेकिन जैसे ही अगले महीने बिल आया तो देखा कि कोई ऐसी गड़बड़ी नहीं आई। बल्कि अब तो एप के माध्मय से अपने घर के बिजली उपयोग को भी नियंत्रित करना सीख गए हैं, क्योंकि जो उपकरण हम अधिक समय चलाते थे, उन पर नियंत्रण करने से बिल में अब तो कमी आई है। इसी तरह उपभोक्ता देव कुमारी ने बताया कि स्मार्ट मीटर से रीडिंग लेने में कोई गड़बड़ी नहीं है, बल्कि अब तो अपने आप रीडिंग हो रही है और सटीक रीडिंग हो रही है। अब तो न कोई रीडिंग लेने आता है, बल्कि अपने आप दूरसंचार प्रणाली से रीडिंग हो रही है और निर्धारित तिथि को सही रीडिंग का बिल मोबाइल पर दिया जा रहा है। एक अन्य उपभोक्ता शेरू रजक ने बताया कि अब हमें बिजली की खपत की हर पंद्रह मिनट में जानकारी मिल रही है।

## पर्यावरण का संदेश देने ड्राइंग प्रतियोगिता 28 को

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 7 जुलाई.** एसोसिएशन ऑफ ग्वालियर यूथ सोसाइटी एवं संरचना समिति के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त जयंती के अवसर पर पर्यावरण सुरक्षित रखने का संदेश देने हेतु एक डाइंग प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा इस आयोजन की सम्पूर्ण जानकारी देते हुए संस्था के अध्यक्ष संजय कट्ठल ने बताया कि इस आयोजन को पूर्णत: निशुल्क रखा गया है यह आयोजन स्थानीय दीनदयाल सिटी मॉल फ़ूड कोर्ट थर्ड फ्लोर पर आयोजित किया जाएगा इस को आयोजन को 28 जुलाई सोमवार को प्रात: 9:30 बजे से प्रारंभ किया जायेगा इस आयोजन में भाग लेने वाले प्रत्येक बच्चों को प्रमाण पत्र भी दिए जायेंगे और डाइंग सीट प्रतियोगिता स्थल पर निशुल्क वितरण की जायेगी इस आयोजन को तीन आयु वर्ग में विभाजित किया गया है इसमें वर्ग ए में 5 साल से 8 साल तक के बच्चे भाग ले सकते हैं इसमें इन बच्चों के लिए बिषय अपना मनपसंद कूछ भी बना सकते हैं वर्ग बी में 9 साल से 14 साल तक के बच्चे रहेंगे इन बच्चों को पर्यावरण सुरक्षित का संदेश देने पर चित्रांकन बनाना होगा वर्ग सी है 15 साल से 25 साल तक के प्रतिभागियों के लिए रहेग.

## मुंगावली में कांग्रेस का प्रदर्शन आज

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 7 जुलाई.** मप्र कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी के विरुद्ध पुलिस थाना मुंगावली में सत्ता पक्ष के दबाव में आकर पुलिस प्रशासन द्वारा की गई झूठी एफआईआर के विरोध में आज अशोकनगर में मप्र कांग्रेस कमेटी द्वारा जंगी प्रदर्शन का आयोजन किया गया है। इस प्रदर्शन में ग्वालियर से अधिक से अधिक संख्या में कांग्रेसजन भाग लेंगे । सभी कांग्रेसजन रेल के माध्यम से ग्वालियर से प्रस्थान कर मुंगावली पहुंच गए।

शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ. देवेन्द्र शर्मा ने कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के खिलाफ पुलिस थाना मुंगावली में जो झूठी एफआईआर दर्ज की गई है वह न केवल एक व्यक्ति पर हमला है। बल्कि यह पूरे लोकतंत्र, सत्य, और जनभावनाओं पर हमला है। यह एफआईआर सत्ता पक्ष के इशारे पर, राजनीतिक द्वेषवश, प्रशासन पर दबाव बनाकर दर्ज की गई है। यह सरासर अन्याय है और कांग्रेस पार्टी अन्याय के खिलाफ कभी चुप नहीं बैठी है, न आज बैठेगी। आज अशोकनगर में मप्र कांग्रेस कमेटी विशाल जंगी प्रदर्शन का आयोजन करेगी

**आज सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ विधायक डॉ. सिकरवार अशोकनगर रवाना होंगे**

ग्वालियर। आंदोलन में शामिल होने के लिये ग्वालियर पूर्व से कांग्रेस विधायक डॉ. सतीश सिकरवार कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ करीब सैकड़ों गाडियों से एम.एल.बी कॉलेज पर एकत्रित होकर कफिले के रूप में एक साथ अशोक नगर के लिये रवाना होगें।

## सड़क अभियान रोकने आप नेताओं को पुलिस ने उठाया

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 7 जुलाई.** आम आदमी पार्टी के मीडिया प्रभारी संजय देहलवार ने बताया कि आज आम आदमी पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं सह सचिव अमित शर्मा खराब एवं

**एक नहीं 100 रिपोर्ट लिखो सड़क के मुद्दे पर चुप नहीं बैठूंगा : रोहित गुप्ता**

बदहाल सड़को की स्थिति को ठीक करवाने के लिए आज नाका चंद्रवदनी पर मीडिया इंटरव्यू करवाने के लिए अपने साथियों के साथ गए तभी वहां पुलिस आ गई और हमारे नेता रोहित गुप्ता अमित शर्मा एवं कुलदीप बाथम को पुलिस गाड़ी में बिठा कर ले गई।



थाने से छुटने पर प्रदेश उपाध्यक्ष रोहित गुप्ता एडवोकेट ने मीडिया एवं कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि ग्वालियर की बदहाल सड़को की हालत दुरुस्त करने की मांग को लेकर आम आदमी पार्टी द्वारा जहां सड़क पर गड्ढा होगा, वहां भाजपा का झंडा होगा अभियान चलाया जा रहा हैं। इस अभियान को रोकने के लिए भाजपा के नेताओं ने आधी रात में जाकर हमारे विरुद्ध एफआईआर दर्ज करवा दी गई उसके उपरांत भी जब हमने अभियान नहीं रोका तो आज पुलिस ने अलोकतांत्रित एवं तानाशाही रवैया अपनाते हुए भाजपा के इशारे पर हमें जबरदस्ती गिरफ्तार कर थाने में 2 घंटे अवैधानिक रूप से बिठा कर न कोई नोटिस दिया, न हीं कोई गिरफ्तारी का कारण बताया गया तथा बिना उचित कारण के मुझे धमकाया गया कि अगर इस अभियान को नहीं रोका तो तुम पर कई ओर मुकदमे दर्ज करवा कर जेल में डलवा देंगे इस पर मैने पुलिस को स्पष्ट कह दिया कि जब तक ग्वालियर की सड़को की हालत दुरुस्त नहीं हो जाती तब तक संघर्ष करता रहूंगा हमारा अभियान रुकेगा नहीं। आप नेताओं की गिरफ्तारी होने पर थाने पर आम आदमी पार्टी के प्रदेश सह सचिव शैलेंद्र भदौरिया, कुलदीप बाथम, सपन भरद्वाज, यशवंत पटवारी, प्रदेश प्रवक्ता हिमांशु चौहान, अशोक जाटव, मनिक्षा तोमर ,मोहन पाल, जिलाध्यक्ष अमिताभ पाण्डे चौहान, जिलाध्यक्ष अमिताभ पाण्डे, शीला आर्य महिला विंग, ओपी उपमन्यु, सुमित पाल, भूपेंद्र किरार, आशीष राय, यतेंद्र राठौर, सतीश राय विवेक जैन, भगवान सिंह, गौरव सक्सेना आदि एक सैकड़ा से अधिक कार्यकर्ता पहुंच गए तब पुलिस ने आप नेताओं को छोड़ा।

## आईटीएम में फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का हुआ शुभारंभ

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 7 जुलाई.** आईटीएम ग्वालियर में अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआईसीटीई) द्वारा अनुमोदित 'यूनिवर्सल ह्यूमन वैल्यूज' विषय पर पांच दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम (एफ्डीपी) का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम में एआईसीटीई की ओर से नामित प्रमुख रिसोर्स पर्सन के रूप में डॉ. हिमांशु कुमार राय, को-फेसिलिटेटर के रूप में डॉ. विलास वरुडकर , अर्जिता द्विवेदी और ऑब्जर्वर के रूप में डॉ. अर्चना गौर (एकेटीयू लखनऊ) शामिल हुईं। इस अवसर पर आईटीएम ग्वालियर की निदेशक डॉ. मीनाक्षी मजूमदार, डीन अकैडमिक्स डॉ. एसएस चौहान, डीन एडमिन डॉ. प्रशांत श्रीवास्तव, डीन एक्यूएसी डॉ. राजीव सिंह राठौर, डीन रिसर्च डॉ. दीपेश भारद्वाज सहित विभिन्न



विभागों के विभागाध्यक्ष, डीन प्रोफेसर, एसोसिएट प्रोफेसर, असिस्टेंट प्रोफेर और देशभर के विभिन्न शैक्षणिक संस्थानाओं से आए संकाय सदस्यों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम का संचालन अमित जैन, और डॉ. प्रभा दीक्षित द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।

शुभारंभ अवसर पर आईटीएम ग्वालियर की निदेशक डॉ. मीनाक्षी मजूमदार ने कहा कि यूनिवर्सन ह्यूमन वैल्यूज जैसे कार्यक्रम आज की शिक्षा व्यवस्था में आत्म-मूल्यांकन, सामाजिक उत्तरदायित्व और समग्र विकास की भावना को पुन: स्थापित करने का कार्य कर रहे हैं। आईटीएम ग्वालियर ऐसी पहलों को समर्थन देता रहा है, जो शिक्षकों और छात्र-छात्राओं दोनों को संवेदनशील और जिम्मेदार नागरिक बनने की दिशा में प्रेरित करते है।

**मानव मूल्य आत्म-अन्वेषण से आत्मसात होते हैं : डॉ. हिमांशु**

रिसोर्स पर्सन डॉ. हिमांशु कुमार राय ने कहा कि मानव मूल्य किसी विषय की तरह नहीं पढ़ाए जाते, वे आत्म-अन्वेषण से आत्मसात होते हैं। शिक्षा को जीवन, संबंधों और अस्तित्व की समझ से जोड़ना ही इसका वास्तविक उद्देश्य है। जब हम समझते हैं कि मानव में और शरीर के साथ अस्तित्व में है, तब हम अपने जीवन को स्पष्टता, खुशी और समरसता के साथ जीने की ओर अग्रसर होते हैं।

आईटीएम ग्वालियर के एक्यूएसी डीन डॉ. राजीव सिंह राठौर द्वारा आभार प्रदर्शन किया गया। उन्होंने कहा कि एआईसीटीईकी टीम, सभी रिसोर्स पर्सन, आयोजकों, प्रतिभागियों और आईटीएम ग्वालियर प्रबंधन का हार्दिक धन्यवाद ज्ञापित करता हूं। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन न केवल शिक्षकों में मानवीय दृष्टिकोण को सुदृढ़ करते हैं, बल्कि शिक्षा के माध्यम से समाज में सामूहिक विकास और समरसता लाने की दिशा में एक सशक्त कदम हैं।

इस पांच दिवसीय एफ्डीपी के दौरान अतिथियों और विद्वानों द्वारा सेल्प-एक्सप्लारेशन, ह्यूमन कॉन्शसनेस, रिलेशनशिप हार्मोनी, सोशल ट्रस्ट और प्राकृतिक नियामों के अनुरूप जीवन जैसे विषयों पर विशेष चर्चा की जाएगी।

#### हड़ताल : 9 को बैंक, बीमा, पोस्ट ऑफिस की सेवाएं रहेंगी ठप

**ग्वालियर 7 जुलाई.** केंद्र सरकार की नीतियों के खिलाफ 9 जुलाई को देशभर में आम हड़ताल होगी। इस हड़ताल में बैंक, बीमा, पोस्ट ऑफिस, आयकर, बीएसएनएल, कोयला, रक्षा, आशा, उषा, आंगनवाड़ी, मध्याह्न भोजन, मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव, खेत, खदान, भवन निर्माण, सार्वजनिक उपक्रमों समेत कई क्षेत्रों के कर्मचारी शामिल होंगे। इनमें कामकाज ठप रहेगा। हड़ताल का आह्वान 10 केंद्रीय श्रमिक संगठनों और स्वतंत्र ट्रेड यूनियनों ने किया है। इनकी 17 सूत्री मांगें हैं। इंदौर में हड़ताल से पहले 8 जुलाई को शाम 5.15 बजे बैंक ऑफ इंडिया की सिटी सेंटर स्थित मुख्य ऑफिस के बाहर बैंककर्मी विरोध प्रदर्शन करेंगे। 9 जुलाई को सुबह 10-30 बजे गांधी हॉल परिसर, एमजी रोड स्थित अभिनव कला समाज (मुख्य हॉल) के सामने प्रदर्शन किया जाएगा।

#### 16 वर्षीय किशोरी संदिग्ध परिस्थिति में लापता

**ग्वालियर 7 जुलाई.** घर से मौसी के यहां डबरा जाने की कहकर निकली 16 वर्षीय किशोरी संदिग्ध परिस्थिति में लापता हो गई। घटना टेकनपुर इलाके की है, जिसमें पुलिस द्वारा अज्ञात आरोपी के विरूद्ध अपहरण का प्रकरण पंजीबद्ध कर गायब हुई किशोरी की तलाश की जा रही है। मूलत: करहिया निवासी रेखा पत्नी स्व. छविराम जाटव ने बीती शाम डबरा सिटी थाने पहुंचकर शिकायत की है, कि वह कुछ समय से टेकनपुर की रामपाल कॉलोनी में किराए का मकान लेकर रह रही है। बीती एक जुलाई की शाम पांच बजे के लगभग उसकी 16 वर्षीय बिटिया किरण उर्फ नंदनी घर से डबरा में रहने वाली मौसी के यहां जाने की कहकर निकली थी।







